राजस्थान सरकार
कार्मिक (क–2) विभाग

विषयः– निजी सहायक संवर्ग की विभिन्न विभागों में लंबित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकें आयोजित करवाने बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि वर्ष 2026–2027 की डीपीसी शीघ्र आयोजित किये जाने हेतु इस विभाग द्वारा परिपत्र दिनांक 28.10.2026 जारी किया गया है । प्रदेश अध्यक्ष, राजस्थान निजी सहायक संवर्ग महासंघ द्वारा ज्ञापन के माध्यम से कार्मिक विभाग के ध्यान में लाया गया है कि आपके विभाग में वित्तीय वर्ष 2026–2027 की निजी सहायक संवर्ग की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकें अभी तक आयोजित नहीं की गई है। अतः निवेदन है कि आपके अधीन विभाग/कार्यालयों को कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 28.10.2026 की पालना में शीघ्र डीपीसी आयोजित कराने हेतु निर्देश प्रदान कराने का कष्ट करावें।

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

(डॉ. मुकुट बिहारी जांगिड)
संयुक्त शासन सचिव

अति. मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव

अशा. टीप. सं. प. 10(1)का./क–2/2026–30837 पार्ट–5
जयपुर, दिनांक :

Signature Not Verified
Digitally Signed by Mukut Bihari Jangid
Designation : Joint Secretary To Government
Date :26-11-2026 11:30:45

RajKaj Ref No.: 25507511